अनमोल वचन

"दिन-रात अपने दिमाग को,
उच्चकोटि के विचारो से भरो।
जो फल प्राप्त होगा वह
निश्चित ही अद्भुत होगा।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश






वर्ष : 13 अंक : 268 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

सोमवार
15 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -38 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -26 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त(आज) -7:20
सूर्य उदय(कल) - 5:22

## संक्षिप्त न्यूज

### ईडी की शिकायत पर अमरीकी संगठन समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज, अवैध विदेशी धन के इस्तेमाल का आरोप

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की शिकायत पर एक अमरीकी संगठन और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि विदेशी डेबिट कार्डों के जरिए भारत में अवैध रूप से विदेशी धन का इस्तेमाल किया गया।

बेंगलुरु के कोथनूर थाने में इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। ईडी के अनुसार, जांच में पता चला है कि नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच करीब 92 करोड़ 55 लाख रुपये का इस्तेमाल नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया। एजेंसी का कहना है कि यह धन विदेशी डेबिट कार्डों के माध्यम से निकाला गया और विभिन्न स्थानों पर खर्च किया गया।

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की 37वीं किस्त जारी की



मध्यप्रदेश। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सागर जिले में आयोजित समारोह में लाडली बहना योजना की 37वीं किस्त जारी की। राज्य भर में सवा करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों के खातों में 1,835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने देवरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 191 करोड़ रुपये की 53 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्‌घाटन भी किया। इन परियोजनाओं में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बिजली और जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में विकास करना शामिल है। इससे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार होगा।


जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्प्ले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8876400009


## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का यमुना घाटों पर सफाई अभियान





जीत समाचार नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज यमुना के 28 घाटों और तटवर्ती स्थलों पर सफाई अभियान चलाया। इसमें चिल्ला गांव घाट, निजामुद्दीन घाट, सोनिया विहार और कालिंदी कुंज समेत कई घाट शामिल हैं। सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और 500 से अधिक सामाजिक तथा स्वयंसेवी संगठनों, हजारों स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने भागीदारी की।

श्रीमती गुप्ता ने गीता कॉलोनी घाट पर श्रमदान करते हुए कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाना दिल्ली सरकार तथा समाजदृ दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि यमुना पुनर्जीवन के लिए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत नजफगढ़ क्षेत्र में आठ सौ 60 करोड़ रुपये की लागत से 12 नए विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि अपशिष्ट जल को यमुना में जाने से रोका जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगतिः मणिपुर मुख्यमंत्री



मणिपुर(एजेंसी)। मणिपुर के मुख्यमंत्री युम्नाम खेमचंद सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एन.डी.ए सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, राजधानी इम्फाल में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मणिपुर को बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खेल, संपर्क और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों से लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, इनर लाइन परमिट प्रणाली पर अमल और चुराचंदपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना सहित प्रमुख उपलब्धियों का ज़िक्र किया।

उप–मुख्यमंत्री लोसी दिखो ने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और भारत–म्यांमा सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हुए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत–म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## झारखंड में बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत

झारखंड(एजेंसी)। झारखंड में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई है। इनमें तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। पुलिस ने बताया है मृतकों में रांची के दो और गढ़वा जिले के दो लोग हैं। अन्य मृतक चतरा, गिरिडीह और सरायकेला–खरसावां जिलों से हैं। अधिकारियों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भारतीय नौसैनिक पोत शारदा की कोलंबो यात्रा सम्पन्न, समुद्री सहयोग को बढ़ावा



नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय नौसैनिक पोत शारदा ने श्रीलंका के कोलंबो की यात्रा पूरी कर ली है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा से दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और आपसी संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। यात्रा के दौरान श्रीलंका की नौसेना के साथ कई पेशेवर, प्रशिक्षण और खेल संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

श्रीलंका के पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर, रियर एडमिरल जगत कुमार ने जहाज का दौरा किया और चालक दल से बातचीत की। आई.एन.एस शारदा के कमांडिंग ऑफिसर ने श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा से भी भेंट की।

मंत्रालय ने बताया है कि क्षमता निर्माण पहलों के तहत, श्रीलंका की नौसेना के कर्मियों ने छोटे हथियारों के संचालन, बुनियादी अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा और बचाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौते पर रविवार हस्ताक्षर, संबंधों में सुधार की संभावना



अमरीका राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जारी विवाद को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर सोमवार हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब परमाणु हथियार नहीं चाहता।

हालांकि, ईरान ने आज समझौते पर हस्ताक्षर होने की खबरों की पुष्टि नहीं की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा कि अगर कोई समझौता होता भी है, तो वह आगे की बातचीत के लिए केवल एक प्रारंभिक ढांचा होगा।

इस बीच, ईरान के कई शहरों में लोगों ने अमरीका के साथ प्रस्तावित शांति समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बातचीत के दौरान ईरान की ओर से जरूरत से ज्यादा रियायतें दी जा रही हैं।

## रोम में प्रवासियों के मुद्दे पर विरोध और समर्थन में अलग-अलग प्रदर्शन



इटली(एजेंसी)।इटली की राजधानी रोम में कल प्रवासियों के मुद्दे पर विरोध और समर्थन में अलग-अलग प्रदर्शन हुए। प्रवासियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग वाली एक पहल को संसद में चर्चा के लिए आवश्यक 50 हजार हस्ताक्षर मिल गए हैं। विरोध और समर्थन दोनों प्रदर्शनों में हजारों लोग शामिल हुए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि, किसी प्रकार की हिंसा की सूचना नहीं है।

# भरतनाट्यम की सामूहिक प्रस्तुति ने बनाया गिनीज विश्व रिकॉर्ड



श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका के कोलंबो में आज पांच हजार से अधिक नर्तक-नर्तकियों ने भरतनाट्यम की सामूहिक प्रस्तुति देकर ऐतिहासिक सांस्कृतिक उपलब्धि हासिल की। इस सामूहिक प्रस्तुति को गिनीज विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य और सांस्कृतिक विरासत के इस उत्सव का आयोजन भारत की संगमम ग्लोबल अकादमी और श्रीलंका की सम्गमिज लिया ने किया। इसमें श्रीलंका, भारत और कई अन्य देशों के हजारों नर्तकों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भरतनाट्यम की शाश्वत परंपरा को प्रदर्शित करना और सीमाओं के पार सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना था।

श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कलाकारों और आयोजकों की ओर से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाण पत्र ग्रहण किया। उच्चायुक्त ने नर्तकों और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने में संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वाधिक समय तक भारत के प्रधानमंत्री रहने पर बधाई देने के लिए सर्बिया के राष्ट्रपति का आभार जताया



नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने, सर्वाधिक समय तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा काल के लिए बधाई देने पर, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक का आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में हार्दिक बधाई संदेश के लिए सर्बिया के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। उन्होंने सर्बिया के राष्ट्रपति की हाल की भारत यात्रा और इस दौरान हुए सार्थक विचार-विमर्श का स्मरण करते हुए कहा कि भारत सर्बिया के साथ मैत्री को गहरा महत्व देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों की साझेदारी आने वाले समय में और मजबूत होगी।

राष्ट्रपति वुसिक ने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी को बधाई देते हुए कहा था कि सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने की ऐतिहासिक उपलब्धि श्री मोदी के नेतृत्व में देशवासियों का गहरा विश्वास दर्शाती है। उन्होंने श्री मोदी को प्रतिष्ठित वैश्विक नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

# ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार 9 जुलाई को होगा

ईरान(एजेंसी)। ईरान ने दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ईरान की समाचार एजेंसी के अनुसार, खामेनेई के अंतिम संस्कार के विधि विधान 4 और 5 जुलाई को तेहरान के इमाम खुमैनी इबादत स्थल पर होंगे। इसके बाद 6 तारीख को तेहरान और 7 तारीख को पवित्र शहर कोम में विधि विधानों के बाद उन्हें 9 जुलाई को मशहद के इमाम रजा स्थल में दफनाया जाएगा।



## मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 15 जून से विशेष अभियान, युवा अब 1 जुलाई की अर्हता तिथि से जुड़ सकेंगे




जीत समाचार संवाददाता, हरियाणा/करनाल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 15 जून 2026 से राज्यभर में 'मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान' की शुरुआत हो रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान 14 जुलाई 2026 तक जारी रहेगा।

अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण का भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगाय केवल नियमानुसार मृत या अपात्र व्यक्तियों के नाम ही हटाए जाएंगे। विशेष रूप से, जो युवा 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए पात्र होंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ को अपना पूर्ण सहयोग दें। किसी भी सहायता के लिए निर्वाचन आयोग के टोल-फ्री नंबर 1950 पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसरः डॉ. अरविंद शर्मा




जीत समाचार हरियाणा/रोहतक। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल को विकास, सुशासन और जनकल्याण के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक बताया है। रोहतक दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्नए भारतश की नींव मजबूत हुई है, जहाँ श्राष्ट्रहित सर्वोपरिश की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है।

डी-पार्क आगजनी पीड़ितों से मिले मंत्रीः

दौरे के दौरान, कैबिनेट मंत्री ने डी-पार्क में हाल ही में हुई आगजनी की घटना के स्थल का दौरा किया। प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर उन्होंने उन्हें हर संभव सरकारी सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की अपील की।

विकास कार्यों का निरीक्षणः

डॉ. शर्मा ने गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण संस्थानों के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों और संबंधित संस्था को कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार शिक्षा, सामाजिक विकास और सहकारिता के क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रैडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन, दर्जनों स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान




जीत समाचार अंबाला शहर। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय रैडक्रॉस भवन में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर तथा रैडक्रॉस सोसाइटी की सचिव विजय लक्ष्मी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्तदान किसी की जान बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है। सचिव विजय

## झज्जर में 15 जून से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां



जीत समाचार हरियाणा/झज्जर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, झज्जर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपायुक्त श्रीमती वर्षा खांगवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास को तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

अभियान की मुख्य रूपरेखाः

उपायुक्त ने बताया कि यह विशेष मुहिम 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएगी। इस दौरान मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रशासन ने झज्जर जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ को अपना पूर्ण सहयोग दें और किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची में दर्ज कराने या सुधार कराने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।



दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

www.zeetsamachar.com सोमवार, 15 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीय: संपादक की कलम से

### "चिट्टा" एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

तस्करी का संगठित जाल

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

युवाओं पर प्रभाव

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

चुनौती और समाधान

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

निष्कर्ष

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार

## एकता का बल

एक समय की बात हैं कि कबूतरों का एक दल आसमान में भोजन की तलाश में उडता हुआ जा रहा था। गलती से वह दल भटककर ऐसे प्रदेश के ऊपर से गुजरा, जहां भयंकर अकाल पडा था। कबूतरों का सरदार चिंतित था। कबूतरों के शरीर की शक्ति समाप्त होती जा रही थी। शीघ्र ही कुछ दाना मिलना जरूरी था। दल का युवा कबूतर सबसे नीचे उड रहा था। भोजन नजर आने पर उसे ही बाकी दल को सूचित करना था। बहुत समय उडने के बाद कहीं वह सूखाग्रस्त क्षेत्र से बाहर आया। नीचे हरियाली नजर आने लगी तो भोजन मिलने की उम्मीद बनी। युवा कबूतर और नीचे उडान भरने लगा। तभी उसे नीचे खेत में बहुत सारा अन्न बिखरा नजर आया "चाचा, नीचे एक खेत में बहुत सारा दाना बिखरा पडा हैं। हम सबका पेट भर जाएगा।'

सरदार ने सूचना पाते ही कबूतरों को नीचे उतरकर खेत में बिखरा दाना चुनने का आदेश दिया। सारा दल नीचे उतरा और दाना चुनने लगा। वास्तव में वह दाना पक्षी पकडने वाले एक बहलिए ने बिखेर रखा था। ऊपर पेड पर तना था उसका जाल। जैसे ही कबूतर दल दाना चुगने लगा, जाल उन पर आ गिरा। सारे कबूतर फंस गए।

कबूतरों के सरदार ने माथा पीटा "ओह! यह तो हमें फंसाने के लिए फैलाया गया जाल था। भूख ने मेरी अक्ल पर पर्दा डाल दिया था। मुझे सोचना चाहिए था कि इतना अन्न बिखरा होने का कोई मतलब हैं। अब पछताए होत क्या, जब चिडिया चुग गई खेत?"

एक कबूतर रोने लगा "हम सब मारे जाएंगे"

बाकी कबूतर तो हिम्मत हार बैठे थे, पर सरदार गहरी सोच में डूबा था। एकाएक उसने कहा "सुनो, जाल मजबूत हैं यह ठीक हैं, पर इसमें इतनी भी शक्ति नहीं कि एकता की शक्ति को हरा सके। हम अपनी सारी शक्ति को जोडे तो मौत के मुंह में जाने से बच सकते हैं।"

युवा कबूतर फडफडाया "चाचा! साफ-साफ बताओ तुम क्या कहना चाहते हो। जाल ने हमें तोड रखा हैं, शक्ति कैसे जोडे?"

सरदार बोला "तुम सब चोंच से जाल को पकडो, फिर जब मैं फुर्र कहूं तो एक साथ जोर लगाकर उडना।"

सबने ऐसा ही किया। तभी जाल बिछाने वाला बहेलियां आता नजर आया। जाल में कबूतर को फंसा देख उसकी आंखें चमकी। हाथ में पकडा डंडा उसने मजबूती से पकडा व जाल की ओर दौडा।

बहेलिया जाल से कुछ ही दूर था कि कबूतरों का सरदार बोला "फुर्रर्र!"

सारे कबूतर एक साथ जोर लगाकर उडे तो पूरा जाल हवा में ऊपर उठा और सारे कबूतर जाल को लेकर ही उडने लगे। कबूतरों को जाल सहित उडते देखकर बहेलिया अवाक रह गया। कुछ संभला तो जाल के पीछे दौडने लगा। कबूतर सरदार ने बहेलिए को नीचे जाल के पीछे दौडते पाया तो उसका इरादा समझ गया। सरदार भी जानता था कि अधिक देर तक कबूतर दल के लिए जाल सहित उडते रहना संभव न होगा। पर सरदार के पास इसका उपाय था। निकट ही एक पहाडी पर बिल बनाकर उसका एक चूहा मित्र रहता था। सरदार ने कबूतरों को तेजी से उस पहाडी की ओर उडने का आदेश दिया। पहाडी पर पहुंचते ही सरदार का संकेत पाकर जाल समेत कबूतर चूहे के बिल के निकट उतरे।

सरदार ने मित्र चूहे को आवाज दी। सरदार ने संक्षेप में चूहे को सारी घटना बताई और जाल काटकर उन्हें आजाद करने के लिए कहा। कुछ ही देर में चूहे ने वह जाल काट दिया। सरदार ने अपने मित्र चूहे को धन्यवाद दिया और सारा कबूतर दल आकाश की ओर आजादी की उडान भरने लगा।

सीखः एकजुट होकर बडी से बडी विपत्ति का सामना किया जा सकता हैं।

# जय श्री गणेश

## जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 15 जून 2026, सोमवार

### आज का राशिफल

### आज का पंचांग

तिथि : अमावस्या 08:26 प्रतिपदा : 04:33. नक्षत्र : मृगशिरा 07:09 करण : नाग 08: 26 किंस्तुघ्ना : 06:29 पीएम पक्ष : कृष्ण योग : शूल 08:55 गण्ड : 04:39 चन्द्रमा : वृषभ08:41 राहुकाल :07:07—08:52विक्रमी संवत् : 2083शक सम्वत : 1948 मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांतः ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:53 — 12:49

**मेष राशि**
सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्ति के लिए समय प्रतिकूल है. लेकिन आलस्य से बचकर रहें, अन्यथा बने काम बिगड़ सकते हैं। कार्यों में रुकावट आ सकती है.

**वृषभ राशि**
आर्थिक लाभ शुभ रहेगा. दिन की शुरुआत आनंदप्रद रहेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं. व्यापार—नौकरी में लाभ होगा. परिजनों की मदद से कार्य सम्पन्न होंगे.

**मिथुन राशि**
अज्ञात के साथ व्यवहार करते समय सावधान रहें. समय अच्छा नहीं कहा जा सकता. जिसे आप किसी काम का न समझते थे, आज वही आप के कार्यों में सहभागी बनेगा.

**कर्क राशि**
व्यवसायी और नौकरीपेशा जातक आज अधिक सफल रूप से सामने आएंगे. आपको अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नए संपर्क और दोस्त बनाने होंगे। सामाजिक कुछ लोग आप के किये कार्यों से नाखुश रहेंगे.

**सिंह राशि**
पूर्व के चले आ रहे प्रेम—संबंध और परिपक्व हो सकते हैं। कुछ जातकों के जीवन में प्रेम आज दस्तक दे सकता है। आप की दिनचर्या का बदलाव होगा।

**कन्या राशि**
आपको अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है.

**तुला राशि**
आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है. व्यवसायी एवं व्यापारी वर्ग का सार्वजनिक समर्थन हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने पड़ सकते हैं.

**वृश्चिक राशि**
आर्थिक रूप से यह उत्कृष्ट समय है. आज व्यावसायिक और व्यापारी सभी गतिविधियों में काफी प्रगति होने की संभावनाएं बनेंगी.

**धनु राशि**
यह एक कठिन समय है. भ्रमित होना पड़ सकता है. प्रतिबद्धता में कमी अर्थिक पक्ष में नकारात्मक उतार—चढ़ाव का कारण हो सकती है। आज आकस्मिक लाभ हो सकता है.

**मकर राशि**
यदि आप नौकरी परिवर्तन की तलाश में हैं तो आप विभिन्न अवसर प्राप्त कर सकते हैं. व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन परियोजनाओं के पुनर्निर्माण के लिए एक आदर्श समय है.

**कुम्भ राशि**
आपकी मेहनत के अनुरूप सफलता मिलने में संदेह है. यानि कार्य बहुत अधिक परिणाम नहीं दिखाएगा। किन्तु परिणाम जो भी हों, सकारात्मक होंगे.

**मीन राशि**
आप आर्थिक उन्नति करेंगे. जो आपकी स्थिति को अधिक सुदृढ़ करेगी। बिना सोच विचार के कोई भी काम न करें। आप अपनी नौकरी में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# सोहाना गांव में लोगों से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के लिए नेताओं ने शुक्रिया अदा किया, कहा– 'पंजाब में ईमानदारी का एक मॉडल बन रहा है'





जीत समाचार मोहाली/सोहाना। सोहाना गांव के वोटरों से मिले अपार प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा करते हुए लोकल नेताओं ने कहा कि पार्टी लोगों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि वे पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल की जन–आदर्श सोच को बनाए रखते हुए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और सरकार को सीधे आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

**पुरानी सरकारों पर तीखे हमले**

इस मौके पर नेताओं ने पिछली पारंपरिक सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इन सरकारों ने सिर्फ पंजाब को लूटा है। उन्होंने दावा किया कि अब पार्टी का 'झाड़ू' निशान पिछले कई दशकों से चली आ रही गंदी राजनीति को साफ करके ईमानदारी का एक नया मॉडल पेश कर रहा है।

उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार नेताओं ने भरोसा दिलाया कि 'आपकी सरकार' पंजाब का उज्ज्वल भविष्य आम लोगों के हाथों में सौंपने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं को हल करना और उन्हें सुविधाएं देना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस बीच, गांववालों ने भी नई सरकार के काम करने के तरीके पर भरोसा जताया।

# 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक घर–घर जाएंगे – जिला चुनाव अधिकारी एसआईआर का मकसद हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करना और किसी भी तरह की गलती को दूर करना है – जिला चुनाव अधिकारी




जीत समाचार अमृतसर– भारतीय चुनाव आयोग पंजाब में वोटर लिस्ट को अपडेट करने और उनकी सटीकता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष गहन संशोधन अभियान चला रहा है। इस अभियान का मुख्य मकसद हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करना और किसी भी तरह की गलती को दूर करना है। जिला चुनाव अधिकारी–कम–डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह, आईएएस ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत राज्य में प्री–एसआईआर के तहत वोटरों की मैपिंग का काम जोरों पर है। उन्होंने कहा कि भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत,एसअरईआर के तहत अमृतसर जिले में कुल 19,73,071 वोटरों में से 17,51,918 वोटरों (88.79 प्रतिशत) की मैपिंग वोटर लिस्ट 2003 के साथ सफलतापूर्वक की गई है। जिले के 221153 वोटर जो मैप नहीं हुए हैं, उन्हें कवर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि ैप् के बदले हुए शेड्यूल के मुताबिक, अब सभी ठस्ट (बूथ लेवल ऑफिसर) 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक घर–घर जाएंगे। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई 2026 तक पोलिंग स्टेशनों का रैशनलाइजेशन किया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 3 अगस्त 2026 को पब्लिश की जाएगी। 03 अगस्त 2026 से 02 सितंबर 2026 तक वोटर लिस्ट से जुड़े ऑब्जेक्शन और क्लेम लिए जाएंगे। 03 अगस्त 2026 से 28 सितंबर 2026 तक ऑब्जेक्शन और क्लेम का निपटारा किया जाएगा। फाइनल वोटर लिस्ट 01–10–2026 को पब्लिश की जाएगी। जिला चुनाव अधिकारी ने साफ किया है कि अगर किसी वोटर का नाम प्री–एसआईआर के दौरान मैप नहीं भी होता है, तो भी उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में चुनाव कर्मचारी वोटर से सिर्फ डॉक्यूमेंट्री वेरिफिकेशन मांगेंगे। सभी राजनीतिक पार्टियों से अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की भी अपील की गई है ताकि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी हो सके।









दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# चंडीगढ़ के वीवीआईपी सेक्टर-11 में सनसनीः मेडिकल स्टोर कैशियर की गोलियों से भूनकर हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक

जीत समाचार चंडीगढ़ । चंडीगढ़ के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले सेक्टर-11 में रविवार दोपहर को दिनदहाड़े हुई एक खौफनाक वारदात ने पूरे शहर को दहला दिया है। यहां प्रसिद्ध 'कुमार मेडिकल स्टोर' में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने काउंटर पर बैठे कैशियर की ऑटोमैटिक गन से अंधाधुंध फायरिंग कर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के रोहडू (जिला शिमला) निवासी 45 वर्षीय जानकी दास के रूप में हुई है, जिनकी पत्नी वर्तमान में रोहडू में पंचायत प्रधान हैं।



### ग्राहक बनकर आए और बरसाई 13 गोलियां

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक जानकी दास वर्तमान में चंडीगढ़ के धनास में रह रहे थे। रविवार दोपहर करीब अढ़ाई बजे दो नकाबपोश बदमाश ग्राहक बनकर दुकान के भीतर दाखिल हुए। इससे पहले कि वहां मौजूद कोई कुछ समझ पाता, बदमाशों ने काउंटर पर बैठे जानकी दास पर ऑटोमैटिक हथियार से महज कुछ ही सेकंड में ताबड़तोड़ 13 राउंड फायर किए। गोलियों की आवाज से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।




## 'ड्रग्स के खिलाफ जंगश कैंपेन के तहत, राज्य में 90,000 से ज़्यादा नशे के आदि लोगों को नशा छुड़ाने, इलाज और रिकवरी की सुविधाएं दी गई – चेयरमैन गुरशरण सिंह छीना

अमृतसर,– मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे श्ड्रग्स के खिलाफ जंगश कैंपेन के अच्छे नतीजे दिखने लगे हैं। इस कैंपेन की लंबे समय तक चलने वाली सफलता सिर्फ ड्रग तस्करों और सप्लायर के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि रोकथाम, समय पर पहचान, इलाज और परिवारों और समाज से समय पर मिलने वाले सपोर्ट पर भी निर्भर है।




पंजाब हेल्थ सिस्टम्स कॉर्पोरेशन के चेयरमैन गुरशरण सिंह छीना ने बताया कि मान सरकार का 1 मार्च, 2025 को शुरू किया गया कैंपेन 'वॉर ऑन ड्रग्स' राज्य की सबसे अहम नशा विरोधी पहलों में से एक बन गया है, जिसके तहत सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशा छुड़ाने, रिहैबिलिटेशन और लोगों में जागरूकता पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रोकथाम और रिहैबिलिटेशन की कोशिशों के तहत, 1 मार्च, 2025 से मई 2026 तक पूरे पंजाब में नशा छुड़ाने वाले सेंटरों और आउटपेशेंट ओपिओइड असिस्टेड ट्रीटमेंट सेंटरों में 90,000 से ज्यादा नशे के आदी लोगों को भर्ती करके इलाज दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा पंजाब सरकार के इलाज और रिकवरी के साथ-साथ सख्त कार्रवाई पर खास फोकस को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में नशे के खिलाफ मुहिम चल रही है, लेकिन ऐसे कमजोर लोगों की पहचान करने में टीचरों, माता-पिता और समाज के लोगों की भूमिका बहुत अहम है, जिन्हें नशे की लत लगने का खतरा है। उन्होंने कहा, "ड्रग एडिक्शन के शुरुआती लक्षण अक्सर नजर नहीं आते और वे इमोशनल, बिहेवियरल और फिजिकल बदलावों के रूप में सामने आते हैं।"

चेयरमैन छीना ने कहा कि हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, किसी व्यक्ति के ड्रग एडिक्शन का शिकार होने के शुरुआती लक्षणों में अचानक मूड बदलना, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई या काम में ध्यान न देना, परिवार से दूरी बनाना, अपनी एक्टिविटीज को सीक्रेट रखना, बार-बार पैसे मांगना, नए दोस्त बनाना, नींद में दिक्कत और स्पोर्ट्स या दूसरी एक्टिविटीज में दिलचस्पी न होना शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि फिजिकल लक्षणों में पर्सनल हाइजीन का ध्यान न रखना, थकान, आंखें लाल होना, बहुत ज्यादा नींद आना, खाने की आदतों में बदलाव और बिना वजह वजन में उतार-चढ़ाव शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपेन से जुड़े एक्सपर्ट्स ने परिवारों को ऐसे बिहेवियरल बदलावों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। माता-पिता को अपने बच्चों से बिना डांटे या दोष दिए शांत और सपोर्टिव तरीके से बात करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर एक्सपर्ट्स से मदद लेनी चाहिए। चेयरमैन गुरशरण सिंह छीना ने कहा कि 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' के तहत की गई कार्रवाई के बाद, कई लोगों को सफलतापूर्वक इलाज और रिहैबिलिटेशन की सुविधाएं मिली हैं और वे अब हेल्दी जिंदगी जी रहे हैं।






# चंबाः कल्हेल पुल के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, परिजनों का हंगामाय चक्का जाम

जीत समाचार चंबा। चंबा–तीसा मुख्य मार्ग पर स्थित कल्हेल पुल के नीचे आज एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय हरविन्द्र सिंह, पुत्र ऋषि, निवासी गांव राख मलोगा, डाकघर कल्हेल, तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है।



### हत्या की आशंका, परिजनों ने किया प्रदर्शन

शव मिलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक की मौत पर गहरा संदेह जताते हुए इसे हत्या का मामला करार दिया है। निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों व स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात काफी देर तक बाधित रहा।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है और मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# प्रधानों–उपप्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सजने लगा बहुतकनीकी महाविद्यालय का मैदान

## आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा दोपहर 12 बजे दिलाएंगे शपथ

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों) ।जिला हमीरपुर की सभी 242 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को बहुतकनीकी कालेज बड़ू के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा करीब दोपहर 12 बजे सभी प्रधानों एवं उपप्रधानों को शपथ दिलाएंगे और नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों को अपना संदेश देंगे।

उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन स्थल पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य सभी लोगों के लिए बैठने के अलावा भोजन, पेयजल, शौचालय, वाहनों की पार्किंग और अन्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पंडाल में जिला के सभी 6 विकास खंडों के जनप्रतिनिधियों के लिए अलग–अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे तथा सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ शपथ दिलाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों के पंजीकरण के साथ–साथ



सर्टिफिकेट एवं किट वितरण तथा शपथ की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

उपायुक्त ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा सोमवार सुबह ही जयसिंहपुर से हमीरपुर पहुंचेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद वह जयसिंहपुर लौट जाएंगे।

# अटल टनल पहुंचने पर उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का भव्य स्वागत



जीत समाचार लाहौल–स्पीति (शर्मा)। पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित प्रधान एवं उप–प्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे उप–मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया का अटल टनल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी तथा स्थानीय लोगों ने पुष्पगुच्छ और पारंपरिक सम्मान के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, जनसेवा और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया गया।

केवल सिंह पठानिया ने स्थानीय विधायक अनुराधा राणा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

# मैगा मॉक एक्सरसाइज के लिए अलर्ट रहें अधिकारी



जीत समाचार हमीरपुर(दिनेश कुमार शर्मा)। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सोमवार को आयोजित होने वाली 10वीं मैगा मॉक एक्सरसाइज के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सुबह करीब 9रू15 बजे रिक्टर पैमाने पर 8.0 तीव्रता के भूकंप का काल्पनिक अलर्ट जारी किया जाएगा, जिसके बाद विभिन्न स्थानों पर बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास होगा।

मॉक एक्सरसाइज के तहत बड़ू, सुजानपुर, नादौन और अन्य क्षेत्रों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जाएंगे। वहीं शाम 7 बजे हीरानगर, करोट और टिल्लू के जंगलों में आग लगने के परिदृश्य पर भी राहत कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से गंभीरता के साथ इस अभ्यास में भाग लेने की अपील की है।

# खेलों की नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में अहम भूमिका : किशोरी लाल

## लता मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन

जीत समाचार बैजनाथ(अभिषेक)। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के चोबू में आयोजित दो दिवसीय लता मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विधायक किशोरी लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया संधोल और बिलासपुर की टीमों के बीच खेला




गया। जिसमें खेलो इंडिया संधोल की टीम ने खिताब अपने नाम किया जबकि बिलासपुर की टीम उपविजेता रही।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागी टीमों की खेल भावना और प्रदर्शन की सराहना की। विधायक ने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं तथा खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए।

समारोह के दौरान उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रेसिडेंट शशि राणा, अशोक सुधा, विकास राणा, अजय गौड, रणधीर सिंह, सुधीर राणा, नसीब राणा एवं सुनील राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# चढ़ियार गैस सर्विस आज करेगी विभिन्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण

जीत समाचार चढ़ियार(रवि कुमार)। चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कल, दिनांक 15 जून 2026 को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गैस सिलेंडर वितरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

एजेंसी प्रबंधन के अनुसार, कल चढ़ियार मार्केट, खु, कठेरू, मुगल, नागपुरी, रोपा, हलेड, थानपाल, चंबी, घुघराड, टनडर, दल्लू, बीजापुर, नेतरु, कछाल, भंडारियां, टिकरी, कमांड, करनघट, हड़ोट, मक्कर और कोटली सहित आस-पास के क्षेत्रों में सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि गैस वितरण का कार्य निर्धारित क्षेत्रों के अतिरिक्त चढ़ियार स्थित एजेंसी के कार्यालय में भी जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव या गैस संबंधी अन्य जानकारी के लिए उपभोक्ता सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

एजेंसी ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है ताकि वितरण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## पालमपुरः सुंगल में दो कारों की भीषण टक्कर, मची अफरा-तफरीय बाल-बाल बचे यात्री

जीत समाचार पालमपुर/सुंगल(अभिषेक)। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित सुंगल क्षेत्र में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली नंबर की दो कारें आपस में जोरदार तरीके से टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग सकते में आ गए और घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।



**मौके पर मची अफरा-तफरी**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों कारों की आमने-सामने हुई टक्कर बेहद जबरदस्त थी। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, गनीमत यह रही कि स्थानीय राहगीरों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया। प्रशासन ने हादसे के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है।

**तेज रफ्तार पर उठे सवाल**

इस हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी रास्तों पर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संवेदनशील मोड़ों पर सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
बीमा | निवेश | पेंशन



जगदीप कुमार
ऑथोराईज़्ड एल.आई.सी काउंसलर
मोबाइल : 7018797214
एजेंसी कोड : 0172715D
शाखा : पांवटा साहिब हिमाचल प्रदेश

# ऊना में चिट्टे के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक की बॉडी में छिपाकर लाई गई थी खेप



जीत समाचार ऊना (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी क्रम में, मैहतपुर पुलिस थाना की टीम ने अंतर-राज्यीय सीमा पर पंजाब के दो युवकों को 10.29 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**क्या है पूरा मामला**

शनिवार देर शाम मैहतपुर थाने के एएसआई नागिंदर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम भटोली स्थित शिव मंदिर के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान पंजाब नंबर की एक संदिग्ध बाइक को रुकवाया गया, जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस की मुस्तैद तलाशी के दौरान बाइक की बॉडी में बड़ी चालाकी से छिपाकर रखा गया मादक पदार्थ बरामद हुआ।

**आरोपियों की पहचान**

पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल कुमार (निवासी नंगल टाऊनशिप, जिला रोपड़) और अभिषेक (निवासी दबेटा, तहसील नंगल, जिला रोपड़) के रूप में हुई है। पुलिस ने मादक पदार्थ और बाइक को कब्जे में ले लिया है और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**एसपी का बयान**

जिला पुलिस अधीक्षक ऊना, सचिन हीरेमठ ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस अब इस नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि चिट्टे की यह खेप वे कहाँ से लाए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे। एसपी ने कहा कि नशे के इस कारोबार में शामिल बड़े चेहरों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे निडर होकर नशे के सौदागरों की जानकारी पुलिस को देंय सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिला बिलासपुर में 154 बच्चों को मिला लाभ : राजेश धर्माणी



जीत समाचार बिलासपुर(ब्यूरों)। नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत दो नए पात्र लाभार्थियों को पात्रता प्रमाणपत्रों का आवंटन किया। लाभार्थियों में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के गांव छत के हाफिज तथा हासिफ शामिल हैं। इन दोनों लाभार्थियों को अब प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न घटकों का लाभ मिलेगा।

इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला बिलासपुर में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 154 पात्र बच्चों को लाभान्वित करते हुए लगभग 1.69 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 154 लाभार्थियों को 82.91 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 15 लाभार्थियों को विवाह अनुदान के रूप में 30 लाख रुपये तथा 16 लाभार्थियों को गृह निर्माण सहायता के लिए 29 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन निराश्रित बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए 12 पात्र लाभार्थियों को 7.41 लाख रुपये जबकि व्यावसायिक शिक्षा के लिए 5 लाभार्थियों को लगभग 88 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों एवं युवाओं को आत्मनिर्भर तथा रोजगारोन्मुख बनाने के उद्देश्य से कोचिंग सहायता के अंतर्गत एक लाभार्थी को 1.18 लाख रुपये तथा सूक्ष्म उद्यम (स्टार्टअप) स्थापित करने के लिए 6 लाभार्थियों को 7.40 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की गई है। इसके साथ ही आफ्टर केयर घटक के अंतर्गत 4 पात्रों को 2.32 लाख रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई, जिससे वह स्वतंत्र जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्य मंत्री सुख आश्रय योजना के योजना के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक सहभागिता को भी विशेष महत्व देते हुए पात्र 37 लाभार्थियों को 1.54 लाख रुपये त्यौहार ग्रांट के तौर पर उपलब्ध करवाए हैं। इसके अतिरिक्त वस्त्र भत्ता के रूप में 34 लाभार्थियों को 1.70 लाख रुपये, पोषण सहायता के लिए 34 लाभार्थियों को 1.81 लाख रुपये तथा विविध आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 34 लाभार्थियों को 1.19 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 22 लाभार्थियों को एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के माध्यम से लगभग एक लाख रुपये की राशि व्यय की गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना प्रदेश सरकार की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है, जिसके माध्यम से समाज के उस वर्ग को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते पात्र बच्चों एवं युवाओं का सम्मानजनक, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर जीवन सुनिश्चित बनाना है। राज्य सरकार के इस अहम निर्णय से प्रदेश के लगभग 6 हजार निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ दि स्टेट' का दर्जा प्रदान करते हुए प्रदेश सरकार माता-पिता की भूमिका निभाते हुए उनके समग्र विकास, उत्थान व कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है।